हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार, 30 मार्च 2025

13 गवान के पास जाने एवं उन्हें अपना बनाने को विवेक...



14 सरसों की ढेरियां रिजेक्ट करने के विरोध में ...












## बच्चों की एथलेटिक्स नर्सरी का ट्रायल कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बच्चों के खेल कौशल को निखारने एवं एथलेटिक्स में कैरियर बनाने के लिए श्रीसरजीत सिंह मेमोरियल खेल समिति द्वारा 31 मार्च को सायं 5 बजे जीतूवाला जोहड़ स्थित वैश्य ग्राउंड में एथलेटिक्स नर्सरी का ट्रायल आयोजित किया जाएगा। सोसाइटी के प्रधान फूल कुमार ने बताया कि ट्रायल में 8 वर्ष से 18 वर्ष की उम्र के लड़के और लड़कियां भाग ले सकते हैं। चयनित बच्चों को एथलेटिक्स नर्सरी में प्रवेश दिया जाएगा, जहां उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार द्वारा चयनित बच्चों को नकद राशि प्रदान की जाएगी। प्रतिभागियों को आधार कार्ड साथ लाना होगा। ट्रायल युवा खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपने खेल कौशल को बेहतर कर सकते हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकते हैं।

## रात 10 बजे के बाद डीजे बजा तो होगी कार्रवाई : एसएचओ

**बाढ़ड़ा**। पुलिस थाना एसएचओ ने शनिवार को क्षेत्र के डीजे संचालकों व मैरिज पैलेस मालिकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि वे किसी भी कार्यक्रम के दौरान अश्लील गाने ना बजाए। इसके अलावा रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाने के भी निर्देश दिए। बता दे कि गन कल्चर के हरियाणवी गाने बैन किए जाने के बाद से हरियाणवी सिंगर व गाने खूब सुर्खियों में हैं। कई स्थानों पर कार्यक्रमों के दौरान इस प्रकार के गाने गाए जाने पर कलाकारों को बीच में भी रोका गया है। अब पुलिस भी इसको गंभीरता से ले रही है और गन कल्चर के गानों को बजाए जाने से रोकने के लिए प्रयास कर रही है। बाढड़ा एसएचओ दिलबाग सिंह ने शनिवार को बाढड़ा क्षेत्र के डीजे ऑपरेटर को आज बाढड़ा पुलिस थाने बुलाया गया जहां एसएचओ ने उनके साथ बातचीत की और निर्देश दिए की किसी भी कार्यक्रम में गन कल्चर व अश्लील गाने नहीं बजाने के निर्देश दिए।



**बाढ़ड़ा**। लोगों को डीजे पर अश्लील गाने न बजाने के निर्देश देते हुए



## खबर संक्षेप



### विद्यालय मुखियाओं में दाखिले को लेकर होड़

**बवानीखेड़ा।** खंड बवानी खेड़ा के समस्त विद्यालय मुखियाओं द्वारा नए सत्र के दाखिला प्रक्रिया को लेकर मिशन एडमिशन को लेकर अभियान चलाया। सभी शिक्षक छात्र संख्या में बढ़ोतरी को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। प्राचार्या एवं विद्यालय मुखियाओं में संतोष भाकर, आनंद शर्मा, पुष्पा जोशी, सत्यपाल सिंह, दयावंती, विमल कुमार, शारदा रानी, नीरज आदि के आदेशानुसार बवानी खेड़ा के वीर शहीद श्री कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि दाखिला प्रक्रिया में जुटे हैं।



### बवानी खेड़ा के स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

**बवानीखेड़ा।** बड़ा गोरवा में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मास्टर राजेश कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को की शोभा बढ़ाई । नगर पालिका के अध्यक्ष सुंदर अत्री कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे । अध्यक्ष ने विद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष ने विद्यालय की सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी दिया।



### नवरात्रे आज, शहर के दुर्गा मंदिर सजे

**भिवानी।** नवरात्रों की पूर्व संध्या पर शहर स्थित दुर्गा मंदिरों को बेहतरीन तरीके से सजाया गया। नवरात्रों के शुरू होने के चलते श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। खासकर श्रद्धालु दुर्गा पूजन के लिए नारियल व चुन्नी आदि खरीदते नजर आए। शनिवार को अमावस्य की पूजा करने के बाद दोपहर बाद दुर्गा पूजा करने वालों की भीड़ बाजार में पहुंचने लगी। श्रद्धालुओं ने दुर्गा पूजन के लिए नारियल व अन्य सामान की खरीद दारी की।

### बीएलजेएस महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

**तोशाम।** बनवारीलाल जिन्दल सूईवाला महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ द्वारा लड़कियों के लिए कौशल विकास एवं प्रोत्साहन हेतु विभिन्न विधाओं में स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन महिला आर्ट्स एंड क्राफ्ट चैरिटेबल संस्थान के प्रशिक्षक कविता, किरण एवं राजरानी के सहयोग से किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. शैलजा शर्मा ने आए हुए प्रशिक्षकों का स्वागत किया। प्रशिक्षकों ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे छः व्यवसायिक कोर्सों के बारे में जानकारी दी।

## तीसरी फास्ट फाइव सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप संपन्न

# लड़कों में राजस्थान व लड़कियों में हरियाणा की टीम रही अव्वल

**लड़कियों में तेलंगाना की टीम द्वितीय तथा केरला व राजस्थान की टीम संयुक्त रूप से तृतीय रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा गांव कलिंगा एक निजी स्कूल में आयोजित करवाई गई तीन दिवसीय लडक़े व लड़कियों के वर्ग की तीसरी फास्ट फाईव सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप शनिवार को संपन्न हो गई। चैंपियनशिप के समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि सरपंच अजीत सिंह ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर परमजीत मास्टर, संदीप ठेकेदार, टैक्रीकल कमेटी चेयरमैन अशोक आनंद, टैक्रीकल कमेटी कन्वीर लक्ष्मण धात्तर पहुंचे तथा विजेता टीमों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव दहिया ने बताया कि शनिवार को आयोजित हुई प्रतियोगिताएं बड़ी रोमांचक रही, जिसमें सभी टीमों के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में लड़कों के वर्ग में राजस्थान प्रथम, केरला द्वितीय तथा हरियाणा व दिल्ली की टीम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। वही लड़कियों के वर्ग में हरियाणा की टीम प्रथम, तेलंगाना की टीम द्वितीय तथा केरला व राजस्थान की टीम संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप के समापन के साथ ही पहली मिक्स सब जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप का भी आगाज हुआ।



**भिवानी।** नेटबाल प्रतियोगिता में एक दूसरे से बाल छीनने का प्रयासा करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### खेल स्वस्थ रहने का सर्वोत्तम माध्यम

इस मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के लिए जितनी जरूरी शिक्षा है, उतने ही महत्वपूर्ण खेलों में भागीदारी भी है। क्योंकि खेल शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ रहने का सर्वोत्तम माध्यम है। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन एवं टीम में काम करने की क्षमता का विकास होता है, जो कि उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। इसीलिए प्रत्येक विद्यार्थियों को चाहिए कि वे खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए।

# होनहार विद्यार्थियों किया सम्मानित

- भारती पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लोहड़ बाजार स्थित भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने की तथा मुख्यरूप से मंहत चरण दास उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। प्राचार्या राजबाला कौशिक ने अतिथिगणों का स्वागत करते हुए स्कूल की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में अतिथिगणों ने सभी कक्षाओं के परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य गतिविधियों में अवल्ल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया और भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने की प्रेरणा दी।



**भिवानी।** पारितोषिक वितरण समारोह में बच्चों को सम्मानित करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूनम गोयल, सेम शर्मा, दीक्षा तायल, मनीषा शर्मा, सोनिया राघव, दीक्षा शर्मा, कविता, नीतू गुप्ता समेत सभी स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# राहुल राणा बने प्रदेश अध्यक्ष

- सामाजिक न्याय एवं इतिहास की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है करणी सेना: बामल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

करणी सेना की कोर कमेटी की बैठक गुरुग्राम के सोहना में हुई। बैठक का उद्देश्य करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करना रहा। इस दौरान सर्वसम्मति से भिवानी के राहुल राणा को करणी सेना हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

करणी सेना युवा शक्ति के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक बामल भिवानी ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा का उपस्थित सभी लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। बामल ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा करणी सेना के मूल उद्देश्यों पर चलते हुए सामाजिक कार्यो में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि करणी सेना हमेशा सामाजिक न्याय और इतिहास की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है, ऐसे में उनकी प्राथमिकता संगठन को और मजबूत बनाना तथा युवाओं को जोड़कर समाजसेवा करना रहेगा।



**भिवानी।** करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा का अभिनंदन करते सदस्य।

# पेयजल को लेकर जताया रोष

- जलघर को लगाया ताला, समस्या का समाधान होने पर ताला खोलने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव गुजरानी में पीने के पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष हैं। ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार के नेतृत्व में जलघर पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने बताया कि गांव में पिछले 20 दिनों से पीने के पानी का संकट गहराया हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी का मौसम शुरू भी नहीं हुआ और हालात अभी से खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मार्च माह में पानी की समस्या ऐसी हैं तो जून-जुलाई में संकट और अधिक गहरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे समस्या को लेकर अनेक बार संबंधित अधिकारियों से मिल चुके, लेकिन इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। सुरेश ने बताया कि जब वे जलघर के कर्मचारियों को पानी छोड़ने को कहते हैं तो वे मोटर जलने व पंप खराब होने की बात कहते है। सरपंच प्रतिनिधि सुरेश व अन्य ग्रामीणों ने कहा कि जलघर का ताला तभी खोला जाएगा, जब उनकी समस्या का स्थायी समाधान होगा। इस अवसर पर संजीव, रमेश मखीजा, पंच प्यारेलाल, पंच श्यामलाल, लीलूराम, अशोक लडवाल समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।




# मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

- श्रीराम पाठशाला अद्भुत स्कूल, जिसके संचालक ट्रस्ट सदस्य व विद्यार्थी भाग्यशाली: जयकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

श्रीराम पाठशाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि प्रमुख समाजसेवी जयकुमार गुप्ता ने शिरकत की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। जयकुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल का संचालन करने वाली संस्था, स्टाफ एवं बच्चे बहुत भाग्यशाली है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के नाम में अपार शक्ति है और इसी की बदौलत ये स्कूल दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। उन्होंने स्कूल के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्राचार्य संगीता अरोड़ा ने घोषित परिणामों के अनुसार पांचवी कक्षा में राधिका प्रथम, शिवानी द्वितीय तथा पायल तृतीय स्थान पर रही। चौथी में दिव्या, कीर्ति और नेहा, तीसरी में शिव, रितिक और अनुज, दूसरी में भानु, शिवानी और अमीषा तथा प्रथम कक्षा में अमृत, स्वरा और पल्लवी पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।



**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते मुख्यतिथि जयकुमार गुप्ता, नीलम जैन सर्राफ व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### नकद पुरस्कार दिया

सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को उपहार पूर्व छात्र डॉ. अनुराग की तरफ से बर्तन, देवेंद्र जैन की तरफ से टॉफी बॉक्स तथा मेजर रामनारायण बूरा की तरफ से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विद्यार्थियों को 200, 150 व 100 का नकद पुरस्कार दिया। श्रीराम पाठशाला चैरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन अधिवक्ता ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि विद्यालय में किसी भी सुविधा की कमी नहीं रहने दी जाएगी। ट्रस्ट के महासचिव प्रमोद मिंडूका ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संयोजन कोषाध्यक्ष रमेश बंसल ने किया तथा आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष अजय सर्राफ ने किया। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विशेष रूप से हरियाणवी समूह नृत्य बेटियां ने खूब पढ़ाईयो रे को खूब तालियां मिली।

# पार्क के सामने स्थित रोड की हालत खस्ता

- शहरवासी बोले मुख्य मार्केट में डैमेज रोड के कारण एक्सीडेंट का रहता है भय

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने शहर की मुख्य मार्किट के नाम से विख्यात वाले रोड़ की हालत दिन-ब-दिन खस्ता होती जा रही है, इसमें कहीं सीवरेज के गड्ढ़े हैं तो कहीं पुलिया के कारण रोड़ उबड़-खाबड़ है तो कहीं रोड़ में कट लगे हुए है जिससे लोगों का पैदल निकलना भी दुभर हो गया है। इसी को लेकर शहरवासियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की और प्रशासन व विधायकों से समाधान की उम्मीद जताई।

### बना रहता है भय



समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक हनुमान पारासर ने बताया कि यहां निजी विद्यालय है जहां लोगों की पांच-पांच पीढ़ियां पढ़कर अधिकारी बनी है इसके अलावा भी अन्य विद्यालयों की बसों व वाहनों का आना जाना रहता है। अभिभावकों को अपने बच्चों के वाहनों में बढ़ने पश्चात भय बना रहता है।

### चलना दुभर हुआ



समाजसेवी सतपाल शर्मा की मानें तो शहर बवानी खेड़ा के बाजार का यही मार्ग है और यह मार्ग भीड़ा है साथ में यह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसमें गहरे-गहरे गड्ढ़े बने हुए हैं। सीवरेज व्यवस्था चरमराई हुई है। मार्ग की अव्यवस्था को देखते हुए कई दुकानदार यहां से पलायन कर चुके हैं।

### जल्द होगा निर्माण



नगर पालिका नवनियुक्त चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि वे शहर की हर समस्या से वाकिफ है। इस रोड़ का निर्माण जल्द करवाया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों व आमजन से भी अपील करते हुए बताया कि वे अपने वाहन को सड़क के मध्य न लगाए जिससे रास्ता जाम हो जाए। वाहनों को साइड में लगाने पश्चात लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं उन्होंने इस मार्ग पर सीवरेज, पुलियां आदि समस्याओं का भी जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

### वाहन पलटने का भय: विकास भाकर



समाजसेवी एवं आर्चरी खिलाड़ी विकास भाकर की मानें तो वे उपरवाले की चोट से पीड़ित है और छोटे वाहन से इस मार्ग से निकलते हैं तो इस मार्ग के झटकों को सह नहीं पाते और अक्सर लगता है कि उनका वाहन कहीं पलट न जाए।

# डॉ. विरेंद्र सिंह ने संभाला पदभार

- डॉ. विरेंद्र ने एमएनएस राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य का कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शनिवार को डॉ. विरेंद्र सिंह फौगाट ने आधिकारिक रूप से एमएनएस राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पदभार ग्रहण किया। उच्च शिक्षा क्षेत्र में अपने व्यापक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव के साथ डॉ. फोगाट की नियुक्ति महाविद्यालय के विकास एवं उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इससे पूर्व डॉ. फौगाट ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है और अकादमिक उत्कृष्टता एवं संस्थागत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। शैक्षिक नेतृत्व, अनुसंधान और छात्र सशक्तिकरण में उनकी विशेषज्ञता महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगी। कार्यभार संभालने पर डॉ. विरेंद्र सिंह फौगाट ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और महाविद्यालय के शैक्षणिक मानकों को और ऊंचा उठाने तथा समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने नवाचार, समावेशिता और छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने की अपनी दृष्टि साझा की। इस अवसर पर विशेष रूप से एवी डागर प्राचार्य राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, डॉ. मंजीत सिंह प्राचार्य चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला कॉलेज तोशाम आदि मौजूद रहे।



# होनहार बच्चों को किया पुरस्कृत

- पालुवास राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालुवास में बाल वाटिका से लेकर 11वीं कक्षा तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा, ग्रामीणों, समस्त स्टाफ और बच्चों के मध्य परीक्षा परिणाम सुनाया। विद्यालय के अध्यापक संदीप वधवा ने बताया की प्राचार्य ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया। प्राथमिक विभाग से तमन्ना, लक्षिता, गौरवी तंवर, पूजा,नितिन, शिल्पी, दिव्यांशु, सुरमान, सुहानी व परी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि माध्यमिक विभाग से कक्षा छठी के तीनों विभाग में प्रथम स्थान साक्षी द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से समीक्षा और मानवी जबकि तृतीय स्थान मनीष ने प्राप्त किया। जबकि सैक्शन में प्रथम स्थान राधिका और समीक्षा ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं के तीनों विभागों में प्रथम स्थान गुंजन, द्वितीय गुंजन और तृतीय स्थान वरुण ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं के सैक्शनों में प्रथम स्थान पुष्पा, मान्यता और संध्या ने प्राप्त किया। आठवीं के तीनों विभागों में प्रथम स्थान कशिश, द्वितीय स्थान संजू और तृतीय स्थान हेमा ने प्राप्त किया। तीनों सेक्शनों में प्रथम स्थान तनु, दीक्षा व दीपसिंह ने प्राप्त किया। नवमी कक्षा के सभी विभागों में प्रथम स्थान तुलसी द्वितीय स्थान कुमारी अंजलि और तृतीय स्थान रश्मी ने प्राप्त किया।



## सबसे बड़ा दान होता है रक्तदान: शर्मा

# शिविर में 200 युवाओं ने करवाया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक के द्वारा शहीदों की स्मृति में एक रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रभारी डॉ.कामना कौशिक के मार्गदर्शन में महाविधालय के सेमिनार हॉल में किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा,विशिष्ट अतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, महासचिव डॉ पवन बुवानीवाला, कोषाध्यक्ष विजय किशन अग्रवाल ने शिरकत की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ अतिथियों, प्राचार्य व महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रभारी द्वारा फीता काटने के पश्चात मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ पवन शर्मा ने कहा कि रक्त की एक बूंद असहाय को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं है।




**भिवानी।** रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### एक यूनिट खून से बच सकती है तीन जान

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन सराहनीय कार्य है क्योंकि रक्त की एक यूनिट 3 लोगो को जीवन दान देने का कार्य करती हैं तथा हर व्यक्तियों को कई प्रकार की बीमारियों से बचाती हैं। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ. पवन बुवानी वाला ने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की प्रशंसा करते हुए युवा स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए आगे आने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विजय किशन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज युवा वर्ग ने रक्तदान कर बड़ा पुण्य का कार्य किया है।

## खबर संक्षेप



### भक्तमाल में 98 प्रतिशत भक्त गृहस्थ हैं: गौरदास

**भिवानी।** हांसी गेट स्थित श्रीरामकुंज सत्संग धाम में आयोजित श्री भक्तमाल कथा के प्रथम दिवस में कथा वाचक गौरदास ने बताया कि जैसे हमे श्री कृष्ण कथा सुनी होगी, श्री मद्भागवत कथा सुनी होगी, श्री राम कथा सुनी होगी और यदि भक्तों के चरित्र के बारे में जानना हो तो भक्तमाल कथा को सुनना होगा। भक्तमाल ग्रन्थ में सतयुग से लेकर कलयुग के भक्तों का जीवन चरित्र है। उन्होंने ने बताया कि भक्तमाल में 98 प्रतिशत भक्त गृहस्थ ही है। भक्तमाल ग्रन्थ में बताया गया है कि भक्त के बिना भगवान का अस्तित्व कैसा, भक्त की भक्ति रूपी साधना ही भगवान को प्रतिष्ठित करती है।

### सीबीएलयू में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विस्तार व्याख्यान का आयोजन एनवायरनमेंट साइंस के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इस विस्तार व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रपति शिवाजी कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ अश्वनी शर्मा रहे डॉ अश्विनी शर्मा ने विद्यार्थियों को पारिस्थितिक तंत्र के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़ी ही सहजता से पारिस्थितिक तंत्र के बारे में समझाया।

### धर्मशाला का निर्माण तीन साल में होगा पूरा

**बहल।** आने वाले कुछ दिनों के बाद किसी कार्यवश बहल में आकर रुकपे वाले लोगों के रात्रि ठहराव के लिए कोई समस्या नहीं रहेगी। श्री अलख आश्रम द्वारा संचालित श्री अलख जनसेवा ट्रस्ट द्वारा बनाई जाने वाली श्री अलख धर्मशाला के भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस धर्मशाला को तीन वर्ष के अंतराल में पूरा कर लिया जाएगा। धर्मशाला बनने के बाद कस्बे में बाहर से आने वाले लोगों को रुकने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त आश्रय मिल सकेगा।

### सोसाइटी के निदेशक पहुंचे जायजा लेने

**बाढ़ड़ा।** अनाज मंडी सरसों की खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई। जिससे किसानों में उत्साह है। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के निर्देशानुसार जमींदारा मार्केटिंग सोसाइटी के निदेशक प्रविंद्र मांढी, धर्मसेना के प्रदेशाध्यक्ष बलवान सिंह आर्य, धर्मसेना मीडिया प्रभारी महेंद्र शर्मा, प्रधान बलजीत बाढड़ा, अनिल, सोनू पांडवान, मांगेराम ने शनिवार को सरसो की खरीद प्रक्रिया का जायजा किया तथा किसानों को खरीद प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं को लेकर बातचीत की।

## श्रीराम कथा एवं दिव्य सत्संग में कथावाचक ने सुनाया श्रीराम वनवास का प्रसंग

# भगवान के पास जाने एवं उन्हें अपना बनाने के लिए विवेक और विश्वास जरूरी: आनंद

- कथावाचक आनंद ऋषिकेश ने अधिवक्ताओं को बताया सत्संग व श्रीराम कथा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

श्रीखाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर द्वारा खाकी बाबा मंदिर में जारी श्रीराम कथा एवं दिव्य सत्संग में शनिवार को कथावाचक आनंद महाराज ऋषिकेश ने श्रीराम वनवास का प्रसंग सुनाया। श्रीराम वनवास की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। वहीं इससे पूर्व कथावाचक आनंद महाराज ने कोर्ट परिसर स्थित जिला बार सभागार पहुंचकर श्रद्धालुओं को सत्संग एवं श्रीराम कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को भगवान को पाना है तो उन्हें प्राथमिकता में प्रथम स्थान पर रखना होगा, ऐसा करने से भगवत कृपा होगी।

उन्होंने कहा कि एकाग्रचित्त होकर निरंतर भगवान का ध्यान करने से वो सुलभता से मिलते है, प्रभु को याद करना लक्ष्य बनाना चाहिए। भगवान का ध्यान करने मात्र से दुर्लभ से दुर्लभ चीजें आसानी से प्राप्त हो सकती है। भगवान को जन्म-मरण का साथ बनाना चाहिए, भगवान के पास जाने व भगवान को अपना बनाने के लिए विवेक व विश्वास दो गुणों का होना जरूरी है।

इसी प्रकार संत व ग्रंथ के माध्यम से भी हम भगवान को जान सकते है व उनके पास जा सकते है, हमें हर काम करते समय भगवान के ध्यान में रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें वो काम अधिक करने चाहिए, जिससे भगवान प्रसन्न हो व हमारे पास आए। अतः हमें विषय भोग व आसक्ति से दूर रहना चाहिए। इनसे दूर रहकर ही हम भगवान को पा सकते है।

इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर हलवासिया, सचिव विनोद कौशिक मुंढालिया, अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रपाल चौहान, गणेश बंसल, सुमित जांगडा, धीरज सैनी, केंद्रमणि, मुकेश चौहान, शीला तंवर, जयसिंह सोनी, अनिल तंवर, ज्योति भारद्वाज, मल्लिका श्योराण, दिनेश वर्मा, हनुमंत तंवर, देवकांत व राकेश वत्स आदि मौजूद रहे।



भिवानी। जिला बार सभागार में सत्संग एवं श्रीराम कथा सुनते अधिवक्तागण।

### लोभ, क्रोध, मोह एवं अहंकार मनुष्य के सबसे बड़े शत्रु: साधवी निष्ठानंद

जामपुर सेवा समिति द्वारा कृष्णा कॉलोनी स्थित श्रीधर्मचंद तीकिया सभागार में तपोभूमि योग आश्रम के स्वामी कृष्णनंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में आयोजित किए जा रहे सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बालयोगिनी साधवी निष्ठानंद सरस्वती ने जीवन में संयम और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने लोभ, क्रोध, मोह, अहंकार जैसी नकारात्मक भावनाओं से दूर रहने पर जोर दिया। साधवी निष्ठानंद ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अपना अहंकार एवं लोभ होता है।

उन्होंने कहा कि जब तक हम इन विकारों को नहीं त्यागते, तब तक सच्ची शांति और आनंद की प्राप्ति संभव नहीं। उन्होंने उपस्थित भक्तों को आत्मचिंतन करने और अपने भीतर सकारात्मकता विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने लोगों को प्रेम, करुणा और दया का पालन करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यह जीवन को सरल और आनंदमय बनाता है। उन्होंने धर्मग्रंथों के उदाहरण देकर समझाया कि कैसे मोह और क्रोध व्यक्ति के विनाश का कारण बनते हैं। सत्संग के अंत में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रवचनों से लाभान्वित हुए। समिति के प्रधान गोपाल कृष्ण पोपली ने बताया कि श्रीधर्मचंद तीकिया सभागार में 30 मार्च तक धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सतपाल नरूला, सुरेश शीलम, राजकुमार जावा, हरनाम गाढ़ी, विरेंद्र अरोड़ा, श्याम मिर्ग, सुनील वधवा आदि मौजूद रहे।



भिवानी। बालयोगिनी साध्वी निष्ठानंद सरस्वती।



भिवानी। महाराजा अग्रसेन को नमन करते श्रीअग्रवंश परिवार के सदस्य।

## श्रीअग्रवंश परिवार ने अमावस्या पर सैकड़ों लोगों को प्रसाद बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- सेवा एवं परोपकार ही सच्ची मानवता: महासचिव गोयल

समाजसेवा एवं परोपकार के प्रतीक महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं को अपनाते हुए श्रीअग्रवंश परिवार द्वारा हर माह की भांति अमावस्या पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया। शनिवार को रोहतक गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष नमन कर प्रसाद वितरण की शुरूआत की, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भोजन, फल, मिठाई आदि का वितरण किया। परिवार के महासचिव मनीष गोयल ने कहा कि सेवा एवं परोपकार ही सच्ची मानवता है और यही महाराजा अग्रसेन का संदेश था।

उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं को अपनाते हुए समाजसेवा की दिशा में किए कार्य समाज में सहयोग और एकता की भावना को और मजबूत करते है तथा लोगों को परोपकार की ओर प्रेरित करते है। महाराजा अग्रसेन ने अपने शासनकाल के दौरान एक ईंट-एक रूपया की प्रथा शुरू की थी, ताकि प्रत्येक जरूरतमंद की मदद की जा सकें, उनकी इसी सोच के चलते उनके शासनकाल में कोई भी व्यक्ति निर्धन नहीं था। महाराजा अग्रसेन द्वारा पढ़ाए गए जनसेवा के पाठ का अनुसरण करते हुए श्रीअग्रवंश परिवार द्वारा हर माह अमावस्या पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामु जेवड़ीवाले, पुरानी अनाज मंडी प्रधान संजय सिंगला, संदीप अग्रवाल प्रधान जेसीआई, वेदप्रकाश अग्रवाल, सुशील बुवानीवाला, सुरेश पनवाड़ी, लख्मीचंद अग्रवाल, अभिषेक बंसल प्रधान कास्मेटिक एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।

## जीवन में सफलता के लिए हमें सदैव जीवंत जीवनशैली का अनुकरण करना चाहिए: प्रोफेसर त्रिलोकचंद

- हमें भोजन स्वाद के लिए नहीं बल्कि जीवन जीने के लिए खाना चाहिए
- राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रभारी प्रोफेसर मोनिका के निर्देशन और प्रोफेसर मोनिका लांबा, प्रोफेसर भामा अग्रवाल, प्रोफेसर रूपम शर्मा और प्रोफेसर बबीता तंवर के कुशल नेतृत्व प्रबंधन में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। हर्बल लाइफ कंपनी के सदस्य वर्ल्ड टीम पिंकी वर्मा, सुपरवाइजर सुमन व माधुरी, एसोसिएट पायल और पारूल ने शिरकत की और छात्राओं को खान-पान, रहन-सहन, जीवनशैली आदि पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश डाला। समयानुसार भोजन, व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान द्वारा स्वस्थ शारीरिक सौष्ठव, मानसिक व बौद्धिक संतुलन के सूत्र समझाए।

उन्होंने बताया कि बाजारू खुला अथवा पैकेट बंद खाद्य पदार्थ कुछ समय के बाद हमारे स्वास्थ्य को पूर्णतः नष्ट कर देते हैं। जीवन में सफलता के लिए हमें सोच-विचार कर उचित भोजन ग्रहण करना चाहिए और एक निश्चित जीवन शैली का पालन करना चाहिए। प्राचार्य ने सबका अभिनंदन करते हुए छात्राओं, अतिथियों सहित प्रकोष्ठ सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता के लिए हमें सदैव जीवंत जीवनशैली का अनुकरण करना चाहिए, ताकि ऊर्जावान बने रहे और सभी कार्यों का निष्पादन सरल एवं सहज हो जाता है। हमें जीवन जीवन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मिला है। लक्ष्य प्राप्ति केवल स्वस्थ जीवन के माध्यम से संभव है, हमें भोजन स्वाद के लिए नहीं बल्कि जीवन जीने के लिए खाना चाहिए। इस मौके पर मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अजीत, प्रोफेसर श्वेता, प्रोफेसर ईशा, प्रोफेसर नरेंद्र, प्रोफेसर परमानंद, प्रोफेसर ज्योति, डॉ. रेणुबाला, प्रोफेसर शर्मिला, प्रोफेसर मंजू आदि मौजूद रहे।



भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार को संबोधित करती वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## बच्चों की दशा और दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं अध्यापक : बीईओ

- कक्षा-कक्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन अध्यापकों को संपर्क फाउंडेशन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

कक्षा-कक्ष में नवाचारों सहित उत्तम विधाओं का प्रयोग करने के लिए जिला स्तर पर कार्यरत अध्यापकों को संपर्क फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त अध्यापकों के सम्मान के लिए राजकीय संस्कृति मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयें जिला शिक्षा अधिकारी सुभाषचंद्र के मार्गदर्शन में समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी के खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर व संपर्क फाउंडेशन जिला समन्वयक मनीष कुमार ने की। इस मौके पर बीईओ शिव कुमार ने अध्यापकों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा एक जहाज की भांति है, जो बच्चों को उनकी मंजिल पर पहुंचने में सहायक है, परंतु यह सफर इतना सुगम नहीं, जितना सभी सोचते हैं। यह सफर मुश्किलों से भरा हुआ है, जिसे आसान केवल अध्यापक ही बना सकते हैं। इस संसार में केवल अध्यापक ही है, जो बच्चों की दशा और दिशा बदल सकते हैं। यानी कि इस शिक्षा रूप जहाज के सभा नाविक हैं। इस अवसर पर सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, निपुण हरियाणा, खंड समन्वयक निपुण हरियाणा भी उपस्थित रहे, जिनके मार्गदर्शन व सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त की गई। 20 या उससे अधिक नामांकन वाले स्कूल मुखियाओं को सम्मानित किया गया और सभी को स्कूलों में नामांकन वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास करने बारे संदेश दिया गया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज नूपुर और पूजा बोहरा का किया भव्य स्वागत

**भिवानी।** नोएडा में चल रही 8वीं नेशनल महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कैप्टन हवा सिंह बॉक्सिंग अकादमी की अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज नूपुर का 80 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में तथा पूजा बोहरा का 80 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर भिवानी में पहुंचने पर अकादमी के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों व शहर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। अकादमी महासचिव प्रीतम दलाल ने बताया कि दोनों विजेता खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण को दिया है। उन्होंने बताया कि पूजा बोहरा ऑलंपियन व नूपुर एशियन बॉक्सर है। अब ये दोनों खिलाड़ी सितंबर में आयोजित होने वाली वल्र्ड चैंपियनशिप के लिए तैयारियां करेंगी। अकादमी अध्यक्ष डा. एलबी गुप्ता, कैप्टन बनी सिंह, सज्जन श्योराण, धर्मराज सिंह, राजेश धायल व विकास पटवारी आदि ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ये दोनों महिला मुक्केबाज होनहार एवं अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज जो जिले का नाम पूवे विश्व में रोशन कर रही हैं हमें इन पर गर्व है।

## राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम शहीद के नाम पर

- शहीद के परिजनों ने पहुंचकर जताया विभाग का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जिसे पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम दिया गया अब राकवमावि का शहीद के नाम पर नामकरण किया गया। बवानीखेड़ा के बड़ा गोरवा में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा का आज शहीद के नाम पर नामकरण हो गया है ।विभाग शहीद के नाम पर नामकरण पहले कर चुका है परंतु शुक्रवार को शहीद के परिवार को बुलाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में शहीद के माता-पिता ने उपस्थित होकर शहीद के नाम का रिबन काटकर विद्यालय का नाम वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा रख दिया विद्यालय की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



बवानीखेड़ा। शहीद के नाम पर विद्यालय का नामकरण करने पर शहीद के परिजनों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि



### प्राइमरी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम किया घोषित

**भिवानी।** आदर्श पुनर्वास स्कूल लोहारू रोड उत्तम नगर भिवानी में प्राइमरी कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। प्रथम दिन के कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती कि प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया है। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने बताया की हमारे विधालय ने शिक्षा खेल, सांस्कतिक और सामाजिक गतिविधियों में महतवपूर्ण उपलब्धिया हासिल की है सफलता के पीछे मेहनती शिक्षको और अभिभावकों और विधार्थियों की कड़ी मेहनत और लगन है। आज की 21वी सदी के युग में ज्ञान, तकनीक, रचनात्मक और वैश्विक दृष्टीकोण की सदी है। हमारा लक्ष्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता है जिससे वे बदलती दुनिया में सफल बन सके। अभिभावकों का विधालय के साथ कदम मिलाकर चलना हमारे विद्यार्थियों कि प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विधार्थियों को अनुशासन और संस्कार देकर ही शिक्षा दी जा सकती है। विधालय का उदेश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नही है बल्कि एक ऐसा नागरिक तैयार करना है जो सामाजिक सांस्कृतिक और वैश्विक स्तर पर अपने उत्तरदायितव को समझे और उसे अच्छे तरीके से निभाये। इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ सरिता श्योराण, प्रिन्सिपल अनीता वर्मा, शारदा शर्मा, सुखवीर, केप्टन राजेन्दर धायल, कैप्टेन सोमबीर यादव, प्रियंका, ममता कादयान आदि मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण** प्राथमिक उपचार का ज्ञान घायल व्यक्ति का बचा सकता है जीवन: सचिव प्रदीप

# छात्राओं को जीवनदायनी विधि सीपीआर व सांप के काटने पर दी जाने वाली सहायता का दिया प्रशिक्षण

- राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण का उद्देश्य व्यक्ति को संकट की घड़ी में दूसरों की मदद के लिए तैयार करना है, ऐसे में युवक-युवतियों को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से जिला रैडक्रॉस सोसायटी ने उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष महाबीर कौशिक के मार्गदर्शन एवं जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते है। इसी कड़ी में शनिवार को राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया।

शिविर में फर्स्ट एड प्रवक्ता अजय श्योराण ने छात्राओं को जीवनदायनी विधि सीपीआर, रिकवरी पोजिशन, हड्डियों के टूट के कारण व उनके उपचार, सांप काटने पर दी जाने वाली सहायता, स्ट्रोक के समय दी जाने वाली फर्स्ट एड, जानवरों के काटने पर दी जाने वाली सहायता, घायल को ले जाने की विधियों के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि युवक-युवतियों को प्राथमिक सहायता का ज्ञान होना बहुत जरूरी है, ताकि वे इस ज्ञान का लाभ उठाकर किसी घायल व्यक्ति का जीवन बचा सके। यह प्रशिक्षण देने का उद्देश्य युवाओं को आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारी का एहसास होता है, जो भविष्य में उन्हें सभ्य नागरिक नागरिक बनाते है। उन्होंने कहा कि जिन भी सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालयों का यूथ रैडक्रॉस फंड जमा किया जाता है, उन सभी महाविद्यालयों को प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाना जरूरी है।

प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद ने जिला रैडक्रॉस की टीम का आभार जताया। इस अवसर पर यूथ रैडक्रॉस काउंसलर डॉ. अजीत कुमार, डॉ. ज्योति, एनएसएस इंचार्ज डॉ. रेणुबाला, डॉ. मंजू आदि मौजूद रहे।



भिवानी। राजकीय महिला महाविद्यालय में फर्स्ट एड का प्रशिक्षण देते फर्स्ट एड प्रवक्ता अजय श्योराण। *फोटो: हरिभूमि*

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का अधिकार किसी को नहीं: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

एसडीएम डॉ अशवीर सिंह नैन ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का किसी को अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त महावीर कौशिक द्वारा जारी सरकारी हिदायतों के अनुसार अवैध कब्जे हटवाने के आदेश दिए गए हैं। इनमें स्पष्ट तौर पर कहा कि जिला में अवैध निर्माण करने का किसी को अधिकार नहीं है। प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे हटाने का अभियान चलाया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकारी/पंचायती जमीन पर कब्जा करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी अनुमति किसी को नहीं है। विभाग द्वारा शिकायत मिलने पर कब्जे की जानकारी जुटाई जाती है और इसको हटाने का यह अभियान जारी रहेगा। डॉ नैन ने कहा कि शनिवार को बीडीपीओ विनोद सांगवान के नेतृत्व में छपार जोगियान में सरकारी अमले की टीम ने जमीन से अवैध कब्जा कार्रवाई की गई है। वहीं राजस्व और खंड विकास एवं पंचायत विभाग की टीमों द्वारा उपमंडल के अन्य कई गांवों में अवैध कब्जे हटाए गए हैं। इनमें गांव धारवाणवास, आलमपुर, खरकडी माखवान, खरकडी सोहान, ईशरवाल और देवावास में भी अवैध कब्जे हटाने का काम प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा किया गया है।



तोशाम। खेतों का रास्ता खुलवाता प्रशासन।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री दन्द्राज सिंह निवासी मिसरी तहसील व जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरा पुत्री किरण कुमारी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप



## दीक्षांत समारोह में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**चरखी दादरी।** बिरही कलां स्थित बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को नर्सरी से 11वीं तक के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुए। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण और दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि बीआर स्कूल के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि सेहलंग शाखा से प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ट ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भूगोल प्रवक्ता किरण व संजू ने मंच संचालन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें कक्षा नर्सरी से कनक, एलकेजी से वीर, यूकेजी से मयंक, पहली से तरूण, दूसरी से अंशिका, तीसरी से इशिता, चौथी से वंशिका, पांचवीं से रितिक, नौवीं से दीक्षा व 11वीं से मानवजीत व अंशु ने प्रथम स्थान हासिल किया।



## आदर्श वमा विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित

**चरखी दादरी।** कस्बा बौंदकलां स्थित आदर्श वमा विद्यालय में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें कक्षा नर्सरी से 11वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय में पारितोषिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल में परीक्षा परिणाम थीम को लेकर बहुत ही सुंदर सजावट की गई। कई जगह सेल्फी पॉइंट्स बनाए, जहां स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों ने अपनी बहुत सारी सेल्फी ली। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक प्रताप सिंह यादव ने मां सरस्वती की चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर की। स्टाफ सदस्यों एवं बच्चों ने पुष्प अर्पित कर मां सरस्वती की वन्दना व पूजा अर्चना की। प्राचार्य कृष्णदत्त ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत, दिल है हिंदुस्तानी, गाने पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अलावा अनेक नृत्य, कविताएं, गीत पेश किए।

# केएम के 109 मेधावियों को दिया सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचा किया नाम

## के एम पब्लिक स्कूल में द्वितीय चरण का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हुआ संपन्न

### न्यायाधीश का पद प्राप्त करने पर पूर्व छात्रा निहारिका दीवान को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

के.एम. पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के तत्वावधान में सत्र 2024-25 की छठी से नौवीं व ग्यारहवीं तक की कक्षाओं का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल मजिस्ट्रेट निहारिका दीवान, दिल्ली न्यायालय ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निहारिका दीवान व उनके अभिभावक मनोज दीवान व सरिता दीवान, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल व अनीता गोयल,प्राचार्या रेनू सैनी, उप-प्राचार्या नीलम गौतम ने दीप प्रज्वलन किए।

**109 छात्रों को स्मृति चिह्न दिए**

इस अवसर पर वर्ष 2025 से के. एम. प्रबंधन समिति के द्वारा किरोड़ीमल गौरव सम्मान पुरस्कार की शुरुआत की गई जिससे सर्वप्रथम विद्यालय की पूर्व छात्रा निहारिका दीवान को न्यायाधीश का पद प्राप्त करने पर उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह केवल एक पुरस्कार नहीं है, बल्कि विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त उनकी उत्कृष्टता, दृढ़ता, समाज तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धियों की पहचान है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के द्वारा ' सरस्वती वंदना', तथा शिक्षा पर प्रेरणादायक सुंदर समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, प्रबंधक, प्राचार्या तथा उप प्राचार्या ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 109 विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।







भिवानी। प्रतिभा को सम्मानित करते हुए व परिणाम घोषित अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**नमन के 98.63% मार्क्स**

कक्षा छठी से नमन ने 98.63, कक्षा सातवीं से कार्तिक शर्मा ने 99.29, कक्षा आठवीं से प्राची ने 98.67, कक्षा नौवीं से गीतांशी ने 97.76 व कक्षा ग्यारहवीं से विज्ञान संकाय में दिव्या भारद्वाज ने 96.60, वाणिज्य संकाय से अंशिका मनवानी ने 94.95 तथा कला संकाय में कनक बुरा ने 91.65 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी-अपनी कक्षाओं में शीर्ष स्थान पर रहे तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले 26 विद्यार्थियों को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि निहारिका दीवान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी कठिन परिश्रम करते हैं, वे अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।

### भिवानी में शर्तों के विरोध में बिफरे आढ़ती

# सरसों की ढेरियां रिजेक्ट करने के विरोध में आढ़तियों का प्रदर्शन

**सर्वेयर ने आरोपों को बताया गलत**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी/चरखी दादरी

भिवानी व चरखी दादरी अनाज मंडी में सरसों खरीद को लेकर आढती बिफर गए। भिवानी के आढतियों ने हैंडलिंग एजेंट बनाए जाने के लिए शर्तें थौपने का विरोध किया है,जबकि चरखी दादरी अनाजमंडी में बिना कारण बताए खरीद एजेंसी सर्वेयर द्वारा सरसों की ढेरियां रिजेक्ट करने पर आढ़तियों में रोष बना हुआ है। आढ़तियों ने शनिवार को बैठक आयोजित की और खरीद का विरोध किया। जिसके चलते अनाज मंडी में सरसों की खरीद नहीं हो सकी और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं सरसों खरीद के लिए बनाए गए हैंडलिंग एजेंट ने भी पीछे हटते हुए एजेंट बनने से इंकार कर दिया और जमा करवाई गई सिक्योरिटी राशि वापिस देने की मांग की। हैफेड मैनेजर ने सर्वेयर को अपरिपक्व बताया और कहा कि वे आढ़तियों के साथ बैठक कर जल्द खरीद शुरू करवाएंगे। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा प्रदेश की मंडियों में 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। स्थानीय अनाज मंडी में पहले सरसों में नमी की मात्रा अधिक होने, हैंडलिंग एजेंट देरी से बनने और खरीद एजेंसी का सर्वेयर नहीं पहुंचने के कारण खरीद देरी से शुरू हुई और 13 दिन बाद 27 मार्च को दोपहर बाद खरीद शुरू हुई थी। 28 मार्च को खरीद एजेंसी नेशनल एग्रीकल्चरल कॉपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सर्वेयर ने 21 में से 19 सरसों की ढेरियां रिजेक्ट कर दी।



चरखी दादरी। ढेरिया रिजेक्ट करने के विरोध में धरने पर बैठे आढती। फोटो: हरिभूमि

**हैंडलिंग एजेंट पीछे हटे**

दादरी अनाज मंडी में सरसों की खरीद के लिए तीन हैंडलिंग एजेंट बनाए गए थे। इन्हीं के जरिए खरीद होनी थी और इनमें 25-25 लाख रुपए सिक्योरिटी राशि भी जमा करवाई गई थी । बिना कारण बताए सरसों की ढेरियां रिजेक्ट करने पर उन्होंने कहा कि वे हैंडलिंग नहीं बनना चाहते उनकी सिक्यारिटी राशि वापिस की जाए। आढ़तियों ने कहा कि वे खरीद एजेंसी की इस प्रकार की मनमानी के बीच खरीद नहीं कर सकते। आढ़ती विनोद गर्ग ने बताया कि 21 में से 19 ढेरियां बिना कारण बताए रिजेक्ट कर दी गई। ये ढेरियां पूरी तरह से साफ सुथरी व सभी मानकों पर खरी थी।

**हैफेड मैनेजर ने सर्वेयर को बताया अपरिपक्कव**

बिना कारण बताए सरसों की ढेरियां रिजेक्ट करने पर आढ़तियों ने हैफेड मैनेजर सतीश सैनी को मांगपत्र सौंपा। जिसके माध्यम से उन्होंने हैंडलिंग एजेंट बनने से इंकार करते हुए जमा करवाई गई सिक्योरिटी राशि वापिस देने की मांग की। इस संबंध में हैफेड मैनेजर से ने कहा कि सर्वेयर अपरिपक्कव है जिसके कारण ढेरियां रिजेक्ट की गई है। उन्होंने कहा कि वे आढ़तियों व मंडी प्रधान से बात करेंगे।

# सेपक टकरा विश्व कप विजेता मोनिका का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। सेपक टकरा विश्व कप विजेता मोनिका का स्वागत करते खेलप्रेमी।

बिहार की राजधानी पटना में हुए सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारत की और से खेल रही चरखी दादरी की मोनिका डोहकी ने रेगु इवेंट में कांस्य पदक जीता, उनका चरखी दादरी पहुंचने पर अमेचर सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ चरखी दादरी ने फूल मालाओं व लड्डू खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि सतबीर सिंह डिप्टी डायरेक्टर खेल विभाग हिसार, विशिष्ट अतिथि नरेश ढिल्लो महेंद्रगढ़, कोच ज्योति कबड्डी, कोच बिजेंद्र सिंह, अधीक्षक मंजू, उपाधीक्षक रमेश, व संजय कुमार ने पहुंचकर खिलाड़ी मोनिका को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से अमेचर सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ चरखी दादरी के प्रधान मास्टर संतकुमार व सहसचिव राष्ट्रीय रेफरी दशरथ रंगा मानहेरू ने की। महासचिव सुनील बंगालिया ने बताया कि एसोसिएशन व चरखी दादरी जिला खेल अधिकारी संधू बाला की तरफ से खिलाड़ी मोनिका का फूल-मालाओं व लड्डू खिलाकर स्वागत किया। मोनिका इससे पहले अनेक बार सिनियर नेशनल प्रतियोगिता में जिला व राज्य का पदक जीतकर नाम रोशन कर चुकी है।

## 4,60,50,000 हजार रुपये की स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगा भिवानी

- जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक भिवानी जिले में लगवाएंगी हजारों की संख्या में स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



तोशाम में पहुंचे लाइटें।

जिला परिषद चेयरपर्सन कोटे से भिवानी जिले में 4 करोड़ 60 लाख 50 हजार रुपए की राशि की लागत से करीबन 3700 स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। जिससे भिवानी जिले के ग्रामीण क्षेत्र की गलियां दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगी। यह जानकारी देते हुए जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने बताया कि पिछले काफी समय से करोड़ों रुपए की लागत से लगने वाली हजारों स्ट्रीट लाइटों का कार्य राजनीतिक कारणों से ठप्प पड़ा था। लेकिन उन्होंने अपनी जोर आजमाइश करके आखिरकार करोड़ों रुपए राशि की लागत से करीबन 3700 स्ट्रीट लाइट भिवानी जिले के ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों के लिए मंगवा दी है। लाइटे गांव-गांव पहुंच चुकी हैं।

## फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

**चरखी दादरी।** शंकर कॉलोनी स्थित फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सभी बच्चों, अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ मिलकर सम्मान हासिल किया।

विद्यालय की इंचार्ज वंदना शर्मा ने अच्छे वार्षिक परिणाम के लिए अध्यापकों अभिभावकों एवं बच्चों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि हम सभी अध्यापक एवं फस्ट स्टेयर स्कूल मैनेजमेंट बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने परीक्षा परिणाम की जानकारी के लिए बतलाया कि सभी होनहार एवं मेहनती विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

## ऑन द जॉब ट्रेनिंग में विद्यार्थियों को दिया चार दिवसीय प्रशिक्षण

**चरखी दादरी।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परिषद परियोजना की तरफ से चलाए जा रहे ऑन द जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम राजकीय वमा विद्यालय बेरला में ऑटो मोबाइल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। ठाडेश्री मोटर्स के प्रशिक्षकों से विद्यार्थी ट्रेनिंग ले रहे हैं। जिला कोऑर्डिनेटर दीपक ढांडा ने प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान करवाई जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने संस्था संचालक रविंद्र सांगवान से मुलाकात कर सहयोग के लिए शिक्षा विभाग जिला की तरफ से उनका धन्यवाद किया। अध्यापक परमजीत ने बताया कि कक्षा नौवीं से 12वीं तक के बच्चों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में कक्षा 12वीं के बच्चों की ट्रेनिंग चल रही है, बाकी सभी कक्षाओं की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। आगामी 31 मार्च तक इन बच्चों की ट्रेनिंग भी पूरी हो जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## श्रीमहावीर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**भिवानी।** हालु बाजार स्थित श्रीमहावीर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी मधु बुवानीवाला एवं विशिष्ट अतिथि विदेश अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधनकारिणी समिति के स्कूल सचिव अरूण व उनकी धर्मपत्नी निशा जैन ने की तथा मंच का संचालन विद्यालय प्राचार्या पुष्पा देवी ने किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी तथा दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। विभिन्न शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या पुष्पा देवी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों का आभार जताया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को को आगे बढने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन मंदौला में परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी




चरखी दादरी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन मंदौला में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करके किया। इसके पश्चात, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कविता पाठ के माध्यम से माहौल को उत्साहपूर्ण बनाया। मंच संचालन अध्यापिका उमेश द्वारा किया, जिन्होंने अपनी शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया। विद्यालय प्राचार्य नरेंद्र यादव ने उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके सहयोग की सराहना की। इसके साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र की योजनाओं पर भी चर्चा की। विद्यालय चेयरमैन राव बहादुरसिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी सशक्त बनाना है।

## पत्थर मारने के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**बहल।** कस्बे के भोजाण मार्ग कॉलोनी निवासी चाचा, भतीजे को कुछ बाइक सवार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उनके घर के बाहर खड़ी मर्सिडिज गाड़ी, एक स्कूटी व बाइक को पत्थर फैंक कर नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में कस्बे के भोजाण मार्ग निवासी कमल ने बताया कि वीरवार रात करीब 12 बजे वह अपने घर में मौजूद था। इस दौरान उसका भतीजा मनीष शर्मा मर्सिडिज गाड़ी लेकर आया और गाड़ी खड़ी करके भागता हुआ आया। आठ दस बाइक सवार युवक उसका पीछा करते हुए आए और मनीष पर पत्थर मारने लगे। आरोपियों ने लाठी डंडे मारकर उसके घर का गेट तोड़ दिया। जब उसने उन युवकों से पत्थर मारने का कारण पूछा तो उसे भी पत्थर मारने लगे। पत्थर लगने से उसे कई जगह चोटें आई।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी
भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।
- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।



Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT
मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863

### विद्यार्थियों को बिना थके आगे बढ़ना चाहिए: मल्होत्रा

# रंगोली में विभा व पोस्टर मेकिंग में अजय प्रथम

- योग करने वाला विद्यार्थी कभी भी थकान व आलस महसूस नहीं करता

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

राजकीय पीजी महाविद्यालय दादरी में सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के आज पांचवें दिन की शुरुआत सहायक प्रो. महेंद्र सिंह ने वॉलिंटियर्स को शिक्षा में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की । उन्होंने बताया कि विद्यार्थी और योग दोनों एक दूसरे के पूरक होते हैं क्योंकि योग करने वाला विद्यार्थी कभी भी थकान व आलस महसूस नहीं करता। वहीं दूसरे सत्र में राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. त्रिलोकचंद मल्होत्रा ने वॉलिंटियर्स को विद्यार्थी जीवन में समय की महता विषय पर प्रकाश डाला। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए फर्स्ट के अजय सिंह प्रथम, द्वितीय बीए फर्स्ट के साहिल व मुकेश तथा तृतीय स्थान बीए द्वितीय के विकास ने प्राप्त किया।



चरखी दादरी। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली। फोटो: हरिभूमि

**बिना थके आगे बढ़ना चाहिए**

वॉलिंटियर्स को समझाया की समय की गति बहुत तीव्र है और जिस प्रकार से घड़ी की सुई बिना रुके और बिना थके चलती रहती हैं, उसी प्रकार से विद्यार्थियों को भी अपने जीवन में बिना रुके और बिना थके आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि आज का समय प्रतियोगिता का समय है। जिसमें किसी भी एक कार्य के लिए हजारों परीक्षार्थी शामिल होते हैं जबकि सफलता एक को मिलनी होती है। मल्होत्रा ने बताया कि आज का युवा नशे तथा मोबाइल पर आने वाली रेलों व गन कल्चर के नाम पर हरियाणवी संस्कृति को बदनाम करने वाले कलाकारों को रोल मॉडल न मानें। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह, व राजगुरु तथा महात्मा गांधी तथा उन लोगों को अपना आदर्श मानना चाहिए जिन्होंने इस देश की आजादी और रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया।